# एमएम हॉस्पीटल में महिला की मौत, परिजन ने किया हंगामा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 जनवरी।** शहर की एमएस रोड पर स्थित एमएम हॉस्पीटल में शनिवार की सुबह एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतिका के परिजन ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरते जाने के आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गईं। अस्पताल प्रबंधन और पुलिस की समझाईश के बाद हंगामा शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार शहर के गणेशपुरा इलाके की अंतोबाई रोड निवासी महिला गुड्डीबाई 55 पत्नी राजेन्द्र सोलंकी की 8 जनवरी की

## पुलिस और अस्पताल प्रबंधन की समझाईश के बाद निपटा मामला

शाम को कूल्हे की हड्डी में फ्रेक्चर हो गया था। 9 जनवरी को परिजन ने उसे इलाज के लिए एमएम हॉस्पीटल में भर्ती कराया। यहां



शुक्रवार की रात करीब 9 बजे डॉ. राजकुमार गर्ग ने गुड्डीबाई का ऑपरेशन किया। 10 जनवरी की सुबह चिकित्सकों की सलाह पर परिजन महिला गुड्डीबाई को पोहा खिला रहे थे, तभी उसे सांस लेने में कठिनाई महसूस हुई। वहां मौजूद परिजन ने तत्काल अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों को इस बारे में बताया। चिकित्सकों द्वारा गुड्डीबाई का उपचार किया जा रहा था, इसी दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों सहित अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि पोहा श्वांस नली में फंसने की वजह से मरीज की मौत हुई है, वहीं परिजन का कहना था कि चिकित्सकों द्वारा उपचार करने में लापरवाही बरती गई है, जिसकी वजह से महिला गुड्डीबाई की मौत हुई। इन आरोपों को लेकर परिजन ने अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया।

सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और अस्पताल प्रबंधन की समझाईश के बाद परिजन का गुस्सा शांत हुआ और हंगामा खत्म हो गया। जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम कराए बगैर ही मृतिका के शव को लेकर चले गए।

# प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी को

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 जनवरी।** शादी विवाहों में होने वाली फिजूलखर्ची रोकने के मकसद से प्रजापति समाज द्वारा हर साल की भांति इस साल भी सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी को होगा। इस 20वें सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

प्रजापति सभा मुरैना के अध्यक्ष रामऔतार सिंह प्रजापति एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश प्रजापति ने बताया कि जौरा रोड पर मैदा फैक्टरी के पास स्थित श्रीराम पैलेस में होने वाले सम्मेलन के लिए पंजीयन का काम प्रारंभ कर दिया गया है। इच्छुक परिवार अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों के पंजीयन 10 फरवरी तक करा सकते हैं। सम्मेलन में वर-वधु पक्ष को उपहारस्वरूप एलईडी टीवी, अलमारी, कूलर, सिलाई मशीन, सोने की लोंग, तोड़िया, बिछुआ, हाथ घड़ी आदि सामान दिया जाएगा। सभा के अध्यक्ष रामऔतार सिंह प्रजापति, सम्मेलन अध्यक्ष सुरेश प्रजापति, ग्रामीण अध्यक्ष रामपाल प्रजापति एवं युवा अध्यक्ष जीतू प्रजापति ने समाजबंधुओं से इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में अधिक से अधिक जोड़ों के पंजीयन कराने की अपील की है।

# कल विवेकानंद जयंती से शुरू होगा सेवा संकल्प पखवाड़ा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 जनवरी।** कल 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस से 23 जनवरी नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती (पराक्रम दिवस) तक अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा सेवा संकल्प पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

यह अभियान राष्ट्र के महान महापुरुषों के विचारों, आदर्शों एवं त्यागमय जीवन से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति और समाज को राष्ट्र निर्माण की भावना से जोड़ने का सशक्त प्रयास है। बिस्मिल फउंडेशन के अध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को उठोए जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको का अमर संदेश दिया, वहीं नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आजादी के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर पराक्रम, साहस और आत्मबल का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सेवा संकल्प पखवाड़ा इन दोनों महान विभूतियों की विचारधारा को समाज खासकर आज की पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। इस अभियान से जुड़ने की अपील करने वालों में विमलेश यादव, रघुराज परमार, सतंजय मिश्रा, रामावतार सिंह चंबल, डॉ. हरेंद्र तोमर, जगदीश शर्मा, रामबरन सिंह पायथा, धर्मसिंह तोमर, बिहारी सिंह, जगेंद्र जादौन, भोलाराम शर्मा, पंकज शर्मा, रामबाबू त्यागी, जगमोहन सेमिल, रूप सिंह सिकरवार आदि शामिल हैं।

# प्रभु आराधना नि :स्वार्थ भाव से ही करना चाहिए : विहसंत सागर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 जनवरी।** हमें जीवन में यदि सकारात्मक परिवर्तन चाहिए तो भगवान महावीर, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, श्रीकृष्ण एवं अन्य महापुरुषों के आदर्शों पर चलना होगा। जब हममें सकारात्मक परिवर्तन आएगा तो इसका असर देश, धर्म और समाज पर भी पड़ेगा। उपाध्याय श्री ने कहा कि ज्ञान तो मनुष्य को खुद प्राप्त हो जाता है। प्रभु के जिसे दर्शन हो गए उसका मोह भी खत्म हो जाता है। हमें हमेशा अपने भावों में शुद्धि रखना चाहिए। मन को पवित्र करना ही पूजा का भाव होता है। मन को पवित्र करने के लिए हमें प्रभु की आराधना करना चाहिए।

आराधना सदैव बिना किसी स्वार्थ

## मेडिटेशन गुरू का मुरैना नगर में हुआ आगमन

के भाव से करना चाहिए, तभी पुण्य प्राप्ति होती है। संसार सागर में जन्म लेने के बाद हमारा लक्ष्य प्रभु स्मरण और उनका ध्यान होना चाहिए। मनुष्य प्रभु का ध्यान लगाकर संसार के आवागमन से



मुक्ति पा सकता है।

उक्त विचार दिगम्बर जैन संत मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंत सागर महाराज ने नगर सीमा में प्रवेश के समय गुरुभक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। दिगम्बर जैन संत समाधिस्थ गणाचार्य विरागसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंत सागर महाराज का मुरैना नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। पूज्यश्री की ने सामायिक के पश्चात दोपहर 02 बजे बैरियर चौराहे से नगर के लिए बिहार किया।

ढोल ताशे नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में मुनिराजों को नगर भ्रमण कराते हुए पार्श्वनाथ जैन पंचायती बड़ा जैन मंदिर में प्रवेश कराया गया। बड़े जैन मंदिर में महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा रंगोली एवं चौक आदि बनाया एवं सिर पर मंगल कलश रखकर पूज्य मुनिराजों की अगवानी की।

# शैक्षिक संवाद अध्यापन कार्य को प्रभावी व सुगम बनाता है

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 10 जनवरी।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत जन शिक्षा सैमई, कुटरावली, सुजरमा, गौल्हारी (पनिहारी) कन्या कैलारस, बालक कैलारस में 10 जनवरी को शैक्षिक

## जनपद शिक्षा केन्द्र कैलारस के विद्यालयों में हुआ शैक्षिक संवाद का आयोजन

संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।



शैक्षिक संवाद कार्यक्रम गोल्हारी में बीएसी फखरुद्दीन खान ने कहा कि शैक्षिक संवाद कार्यक्रम से शिक्षकों के ज्ञान में वृद्धि होती है और वह अपने अध्यापन कार्य को प्रभावी ढंग से बच्चों के बीच प्रस्तुत कर सकते हैं और रोचक बनाते तथा इस प्रकार के संवाद कार्यक्रमों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है शैक्षिक संवाद कार्यक्रम से जो भी सीख कर जाएं बच्चों तक अवश्य पहुंचाएं। बीआरसी मुकेश शर्मा ने कहा की शैक्षिक संवाद से शिक्षकों की अध्यापन प्रक्रिया में निखार आता है। कन्या उमावि कैलारस में डाइट में उमा शिक्षक संजय शिवहर ने कहा कि शैक्षिक संवाद शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि का संवाद है। बीएसी केशव शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक संवादों से हमें सीखने को मिलता है। शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में डाइट मुरैना से अवलोकनकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसमें बीआरसी मुकेश शर्मा, संजय शिवहरे, बीएसी केशव शुक्ला, प्रमोद शर्मा, अरविंद शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम में जनशिक्षक शिवचरण धाकड़, राकेश धाकड़, घनश्याम शाक्य, लाखन सिंह धाकड़, ज्ञानसिंह धाकड़, गिर्राज धाकड़, पवन शर्मा, सुरेशचंद्र धाकड़, नरोत्तम धाकड़, हरिमोहन धाकड़, सुनील शुक्ला, हेमराज धाकड़ सभी ने शैक्षिक संवाद में अपनी सहभागिता की।

# सामान्य ज्ञान व विज्ञान प्रतियोगिता में 950 छात्र शामिल

## समाजसेवी स्व . रघुराज सिंह तोमर की स्मृति में हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 10 जनवरी।** वरिष्ठ समाजसेवी स्व. रघुराज सिंह तोमर की स्मृति में शुक्रवार को 31वीं सामान्य ज्ञान एवं विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर-सीनियर वर्ग के 950 छात्रों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से 520 तथा सीनियर वर्ग से 430 छात्रों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान एवं विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना तथा उनकी बौद्धिक क्षमता को सुदृढ़ करना रहा। प्रतियोगिता से पूर्व स्व. रघुराज सिंह तोमर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर शिक्षाविद रविबाला तोमर, आनंद सिंह तोमर, बृजेंद्र सिंह तोमर उर्फ गुड्डू, प्रशांत सिंह, विश्वजीत सिंह कुशवाह, प्रशांत सिंह तोमर, विनोद गुप्ता, अंकुश गुप्ता आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के परिणाम 21 जनवरी को घोषित किए जाएंगे, जबकि विजयी प्रतिभागियों को 26 जनवरी को पुरस्कार दिए जाएंगे।



# भाविप का सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 मार्च को होगा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 जनवरी।** भारत विकास परिषद मुरैना की जिलास्तरीय बैठक बीते रोज एमएस रोड पर हुई। जिसमें समाज सेवा की भावना को सशक्त करते हुए निर्णय लिया गया कि 8 मार्च को सामूहिक विवाह सम्मेलन कराया जाएगा, जिसमें न्यूनतम 21 जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य है।

बैठक में भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अमित अस्मिता जैन, अध्यक्ष अर्चना पवन शर्मा, सचिव रजनी राम गुप्ता, कोषाध्यक्ष वीणा नीरज मोदी, अंजू आनंद त्रिवेदी, उमा मनोज अग्रवाल, श्रद्धा राजकुमार तोमर, शालिनी सौरभ अग्रवाल, कंचन हिमांशु सिंह, कृष्णा जितेन्द्र बंसल, शिवानी बालकिशन शर्मा, अंजू रवि बांदिल, अंजना राकेश गुप्ता, निशा पवन गुप्ता, संगीता गुप्ता, आसाराम प्रजापति, तरुण शर्मा, राजेश बांदिल, मितेश माहेश्वरी, अतुल माहेश्वरी, अनिल तिवारी, गगन गर्ग, गिर्राज अर्गल, विनोद प्रजापति उपस्थित रहे।

# बाल्मीक समाज के सेवाकार्य समाज के लिए प्रेरणादायी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 जनवरी।** समाज में बाल्मीक समुदाय का योगदान सिर्फ सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के स्वास्थ्य, गरिमा और अनुशासन से जुड़ा हुआ है। बाल्मीक समाज के लोग हर मौसम में जोखिम उठाकर सेवाकार्यों को

## प्रेरक मिलन समारोह में बाल्मीक समाज के 500 सैकड़ा महिला-पुरुषों का हुआ सम्मान

पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते है। भीषण गर्मी, ठंड, बारिश और संक्रामक बीमारियों के बीच उनका सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायक है।

यह बात समाजसेवी बंटी उर्फ जयप्रकाश गुधैनिया ने कही। श्री



गुधौनिया, बाल्मीक समाज के प्रेरक मिलन समारोह में उपस्थित बाल्मीक समुदाय के लोगों को संबोधित कर रहे थे। समारोह में बाल्मीक समुदाय के महिला एवं पुरुषों को कंबल एवं चप्पलें भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन कस्बा अंबाह के मुरैना तिराहे स्थित एसआरएम गार्डन में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य उन कर्मयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था, जिनके अथक परिश्रम से शहर स्वच्छ, स्वस्थ और रहने योग्य बना रहता है। आयोजन की खास बात यह रही कि समाजसेवियों और आयोजकों ने वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ बैठकर भोजन किया और उनसे आत्मीय संवाद किया। कार्यक्रम में महेंद्र भदौरिया ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी समान सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज के लोग न केवल नगर को साफ रखते हैं, बल्कि हमें स्वच्छता का महत्व भी सिखाते हैं। कार्यक्रम में बल्ले शिवहरे, सुभाष शर्मा करू, अम्बरीष गुधेनिया, मोनू तोमर, पवन शर्मा, सोनू मिश्रा, महावीर शर्मा, श्यामवीर शर्मा, शत्रुघ्न गुर्जर, विक्रम तोमर, सत्यवीर कपासिया, जयप्रकाश शर्मा, नैना पंडित, राधेश्याम पंडित, राजभान राजावत आदि उपस्थित थे।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025 का आयोजन कल से होगा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 जनवरी।** खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025 के तहत 28 खेलों में जूनियर आयु वर्ग में खेलों की लोकप्रियता व संबंधित खेल में प्रतिवर्ष होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं को दृष्टिगत रखते हुए विकासखण्ड, जिलाए संभाग एवं राज्य स्तर पर 12 से 31 जनवरी के मध्य किया किया जाएगा।

जिले में 15 खेलों की इकाई हैं, जिसमें एथेलेटिक्स, बॉक्सिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, वेट लिफ्टिंग, फुटबॉल, व्हॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, योगासन, कबड्डी, शतरंज एवं थ्रो-बॉल सम्मिलित हैं। जिले के समस्त 07 विकासखण्डों पोरसा, अम्बाह, जौरा, पहाड़गढ़, कैलारस, सबलगढ़ एवं मुरैना में ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन 12 से 16 जनवरी के मध्य किया जाना हैं।

# फार्मर रजिस्ट्री कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 जनवरी।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामान्तरण, बंटवारा, सीमांकन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रकरणों में

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में कहा

प्राथमिकता के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



कलेक्टर शनिवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। समीक्षा बैठक करीब पांच घंटे चली। बैठक में अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर ने नामान्तरण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि कई तहसीलों में कार्य संतोषजनक स्तर पर है, किंतु शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर एवं योजनाबद्ध प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित एवं अविवादित नामान्तरण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पोर्टल पर अद्यतन प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। बंटवारा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह प्रक्रिया केवल कागजी औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि मौके पर प्रभावी रूप से पूर्ण की जाए। कलेक्टर ने बताया कि शासन द्वारा 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सभी राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्रों में लंबित आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की भी समीक्षा की।

### विशेष प्राथमिकता के साथ करें काम

कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक खातेदार के सभी खसरा नंबर फार्मर आईडी से अनिवार्य रूप से जोड़े जाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः इसे विशेष प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए।

# राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 जनवरी।** चंबल संभाग आयुक्त सुरेश कुमार ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरतमंद एवं गरीब नागरिकों को समय पर न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा अवैध प्रविष्टियों और भूमि पर किए जा रहे अनधिकृत कब्जों पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

आयुक्त सुरेश कुमार शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, अपर कलेक्टर अश्विनी

## संभागायुक्त ने राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश

कुमार रावत सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। आयुक्त ने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक आवेदन उसी उपयुक्त हैड में दर्ज हो, जिसमें उसका वैधानिक एवं प्रभावी निराकरण संभव हो सके। चंबल आयुक्त ने शहरी क्षेत्रों में तेजी से विकसित हो रही कॉलोनियों पर चिंता व्यक्त करते हुए नई कॉलोनियों में सड़क, नाली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण तहसीलदार न्यायालय में बैठकर विधिसम्मत तरीके से किया जाए।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अभय सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, जाति ठाकुर, निवासी एन.पी.ए. क्वार्टर बस्ती, तहसील अंबाह, जिला मुरैना (म.प्र) यह स्पष्ट करता हूं कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम अभय सिंह परिहार अंकित है, जबकि मेरे अन्य सभी शासकीय दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में मेरा नाम अभय सिंह दर्ज है। अत: मेरे द्वारा यह घोषित किया जाता है कि अभय सिंह एवं अभय सिंह परिहार दोनों नाम मेरे ही हैं तथा भविष्य में मुझे अभय सिंह नाम से ही जाना जाए। उक्त संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।

**स्थान :** अंबाह

**दिनांक :** 07.01.2026

**सूचनाकर्ता**
**अभय सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, जाति ठाकुर, निवासी एन.पी.ए. क्वार्टर बस्ती, तहसील अंबाह, जिला मुरैना (म. प्र.)**